(ग) उत्तर प्रदेश में विगत दो वर्षों के दौरान ऐसी जिला सलाहकार समितियों के लिए कितने व्यक्तियों को नामित किया गया और उनके टेलीफोन बिल और डी.ए. आदि पर कुल कितनी राशि व्यय हुई ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को निष्पक्ष प्रतिनिधित्व देते हुए सरकार द्वारा दूरसंचार सलाहकार समितियों का गठन किया जाता है ।

(ख) दूरसंचार सलाहकार समितियों का गठन, दूरसंचार सेवाओं के कार्यनिष्पादन पर नजर रखने इनमें सुधार लाने हेतु विभाग को सलाह देने, टेलीफोन प्रयोग करने वाले लोगों और दूरसंचार विभाग के बीच सम्पर्क सूत्र की भूमिका अदा करने, ओवाईटी और गैर ओ वाईटी विशेष श्रेणियों के अंतर्गत निष्पक्ष और समानता के आधार पर नियमों में यथा-उपदर्शित बिना बारी के टेलीफोन कनेक्शन देने का निर्णय लेने में विभाग की सहायता करने, आदि की दृष्टि से किया जाता है ।

(ग) उत्तर प्रदेश के विभिन्न टेलीफोन जिलों के लिए गठित दूरसंचार सलाहकार समितियों के वास्ते नामित व्यक्तियों की संख्या नीचे दी गई है :—

जिला/सर्किल का नाम	नामित व्यक्तियों की संख्या
1. आगरा	27
2. इलाहाबाद	23
3. गाजियाबाद	27
4. कानपुर	27
5. लखनऊ	34
6. मेरठ	35
7. वाराणसी	17

इन व्यक्तियों के टेलीफोन बिलों और दैनिक भत्ते पर किए गए व्यय के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है जिसे सदन-पटल पर रख दिया जाएगा ।

आगरा टेलीफोन एक्सचेंज में आग का लगना

2189. **श्री राम गोपाल यादव**: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगरा इलैक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज में हुए भीषण अग्निकांड का क्या कारण था,

(ख) इस अग्निकांड से कितना नुकसान हुआ और एक्सचेंज को पूर्ववत कार्य शुरू करने में कितना समय लगेगा, और

(ग) क्या दूरसंचार विभाग आगरा इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज पर निर्भर टेलीफोन एक्सचेंजों के लिए अलग इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज स्थापित करने का विचार रखता है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) इस संबंध में अभी भी जांच पड़ताल चल रही है और सही कारण का अभी पता नहीं चला है ।

(ख) करीब 1.20 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों की हानि हुई है जैसे मुख्य वितरण फ्रेम, केबिल और कम्प्यूटर उपस्कर एक व्यक्ति की मृत्यु हुई थी । तीन व्यक्तियों को गंभीर तथा चार को मामूली चोटें आईं।

उपस्कर परीक्षण शुरू हो गया है और आग लगने के कारण दोष-दर (फाल्ट-रेट) बहुत ज्यादा है । एक्सचेंज यथाशीघ्र चालू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

(ग) जी हां 5000 लाइनों वाला एक अन्य स्थानीय इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज संजय प्लेस में स्थापित करने का प्रस्ताव है ।

Violation of Companies Act by MTNL on Bonds Issue

2190. SHRI SUKOMAL SEN :
SHRI DIPEN GHOSH :

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether Mahanagar Telephone Nigam violated the Companies Act on the Bond's issue; and

(b) if so, what are the details thereof ?